# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 06.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 06.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता

कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 06.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा सुरक्षा,सतर्कता के दृषिटगत न्यायालय सुरक्षा डियूटी में लगे पुलिस बल एवं हवालात डियूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया गया तथा सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एस-चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वायड टीम, एलआईयू टीम द्वारा एलआईयू उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में न्यायालय परिसर की सघन चेकिंग की गयी।

**(4).** आज दिनाँक-06.07.2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणाप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, थानआध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण सिंह तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक-06.07.2024 को अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी मऊ श्री राकेश कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय, तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 133/2024 धारा 363 भादवि0 के वांछित अभियुक्त राजन खंगार निवासी भूरागढ़ नाव घाट थाना मटौंध जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह थाना कोतवाली कर्वी

2.आरक्षी राजीव कुमार सिंह

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त मनोज पुत्र हीरालाल निवाली चकलागुरुबाबा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

28 क्वार्टर देशी शराब

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यमपति त्रिपाठी

2.आरक्षी नरेन्द्र कुमार

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपहृतों एवं गुमशुदाओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी प्रभारी सरैंया श्री यदुवीर सिंह तथा उनके हमराही द्वारा डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकली बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया।

उल्लेखनीय है कि कल दिनाँक 05.07.2024 को समय करीब लगभग रात्रि 21.40 बजे चौकी प्रभारी कस्बा सरैंया गस्त पर भ्रमणशील थे कि इस दौरान राजापुर तिराहा कस्बा सरैंया में एक 13 वर्षीय बालिका दिखायी दी जिसके आप पास कोई नहीं था से काफी पूंछताछ करने के बाद मुस्किल में अपने नाम कुमारी विभा अवस्थी पुत्री श्री सनत कुमार निवासी ग्राम चर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट बताया। इस पर चौकी प्रभारी द्वारा तत्काल परिजनो से सम्पर्क कर उन्हे चौकी पर बुलाया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि कुमारी विभा को उसके भाई द्वारा डांट दिया गया था जिससे क्षुब्ध होकर घर से निकल आयी थी, हम लोग काफी परेशान थे और इसे खोज ही रहे थे। चौकी प्रभारी सरैंया द्वारा बालिका को उनके भाई प्रदीप कुमार अवस्थी तथा दादा श्री लल्लूराम अवस्थी के सुपुर्द किया गया। बालिका को पाकर परिजनों के चेहरे की मुस्कान लौटी तथा पुलिस की त्वरित कार्यवाही के लिये पुलिस का धन्यवाद देते हुये पुलिस की सराहना की गयी।

**बरामदगी/सुपुर्दगी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी सरैयां श्री यदुवीर सिंह

2.आरक्षी मनोज कुमार